भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 182

उत्तर देने की तारीख 03.02.2020

शिमोगा के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय

†182. श्री बी. वाई. राघवेन्द्रः

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हेतु किसी योजना को संशोधित किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार की शिमोगा जिले की भौगोलिक स्थिति और जनजातीय आबादी की विरल बसावट को ध्यान में रखते हुए , दिशानिर्देशों में ढील देकर शिमोगा में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मंजूर करने की कोई योजना है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(सुश्री रेणुका सिंह सरूता)

(क) से (ग) : बजट घोषणा 2018-19 के अनुसार, 50% अनुसूचित जनजाति और न्यूनतम 20,000 अनुसूचित जनजाति जनसंख्या वाले प्रत्येक ब्लॉक में वर्ष 2022 तक एक ईएमआरएस (एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय) होगा। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश भर में अभी भी 312 ब्लॉक/उप-जिले ऐसे हैं जहां ईएमआरएस नहीं हैं। अत: इन ब्लॉकों में प्राथमिकता के आधार पर ईएमआरएस स्थापित किए जाने हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, शिमोगा जिले (कर्नाटक) में सरकार द्वारा निर्धारित उपर्युक्त मानदंडों को पूरा करने वाला कोई ब्लॉक नहीं है।

*****